आक्रोश

शिकायतकर्ता का आरोप-दबाव बनाकर बंद कराई गई सीएम हेल्पलाइन

# नल-जल योजना से वंचित दो घर

**नवभारत, गोहपारू।** सुशासन और जनसुनवाई के बड़े-बड़े दावे करने वाले प्रशासनिक अमले की पोल गोहपारू जनपद पंचायत में खुलती नजर आ रही है। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी श्सीएम हेल्पलाइनश् योजना, जिसे आम जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए बनाया गया था, अब स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों के दबाव का जरिया बनती जा रही है। ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला ग्राम पंचायत अंकुरी के ग्राम सल्दा (पहाड़िया टोला) से सामने आया है, जहां हक की आवाज उठाने वाले एक ग्रामीण की शिकायत को पंचायत कर्मियों ने जबरन बंद करा दिया।

### दो घरों के चक्कर में अटकी नल-जल योजना

ग्राम पंचायत अंकुरी के अंतर्गत ग्राम सल्दा के पहाड़िया टोला में नल-जल योजना की जमीनी हकीकत दावों से कोसों दूर है। स्थानीय निवासी शिवा सिंह के घर और उसके पास के एक अन्य घर (कुल दो घर) तक आज तक नल-जल योजना की पाइपलाइन ही नहीं



बिछाई गई है। ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण इस पूरे हिस्से को छोड़ दिया गया, जिसके चलते यहाँ के निवासियों को इस भीषण गर्मी में पानी के लिए भारी किल्लत और भारी मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### हक की आवाज उठाई तो मिला प्रशासनिक दबाव

पानी की गंभीर समस्या से परेशान होकर ग्रामीण शिवा सिंह ने शासन के नियमों के तहत सीएम हेल्पलाइन (181) पर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके। लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार करने के बजाय, ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक और सचिव ने अपनी नाकामी छुपाने के लिए एक नया पैंतरा अपनाया। पीड़ित का आरोप है कि रोजगार सहायक और सचिव ने उन पर अनुचित दबाव बनाया और जबरन उनकी शिकायत को बंद करा दिया।

### क्या कागजों पर ऑल ओके दिखाने का है खेल ?

शिकायत जबरन बंद कराए जाने के बाद अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या ग्राम पंचायत अंकुरी में कागजों पर सब कुछ ठीक दिखाने का खेल चल रहा है? सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग सुधारने और अपनी खाल बचाने के लिए ग्रामीण को डरा-धमका कर या दबाव बनाकर शिकायत बंद कराना सीधे तौर पर मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है। आखिर किसके शह पर रोजगार सहायक और सचिव ने यह तानाशाही दिखाई।

**वरिष्ठ अधिकारियों की चुप्पी पर सवाल**

इस पूरे घटनाक्रम के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। नल-जल योजना का अधूरा काम और उसके बाद शिकायत वापस लेने का दबाव बनाना यह साबित करता है कि स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की मिलीभगत है। ग्रामीणों ने अब इस मामले की शिकायत जिला कलेक्टर और जनपद सीईओ से करने का मन बनाया है ताकि लापरवाह पंचायत कर्मियों पर सख्त कार्रवाई हो सके और छूटे हुए दो घरों तक तुरंत पाइपलाइन पहुंचाई जा सके।

**इनका कहना है**

पानी की बहुत समस्या है। मेरे घर तक नल-जल योजना की पाइपलाइन नहीं पहुंची है। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करता हूं तो उसे जबरन बंद करा दिया जाता है।

**शिव कुमार सिंह**
**ग्रामीण**

सचिव मुकेश तिवारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं लग सका, जिससे उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो पाया।

## लोक सूचना अधिकारी एवं सहायक अधिकारियों की नवीन नियुक्ति

**नवभारत, शहडोल।** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आम नागरिकों को समयबद्ध सूचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट शहडोल द्वारा विभिन्न विभागों में लोक सूचना अधिकारी (च्प्व्) तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (।च्प्व्) नियुक्त किए जाने संबंधी आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय, निर्वाचन, स्थानीय निर्वाचन, भू-अभिलेख, नजूल, जिला आपूर्ति, आबकारी तथा खनिज विभागों में अधिकारियों को लोक सूचना अधिकारी एवं सहायक लोक सूचना अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन अधिकारियों के माध्यम से नागरिक सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत संबंधित विभागों से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। प्रशासन का उद्देश्य सूचना उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं सुगम बनाना है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 25 के तहत प्रत्येक विभाग में लोक सूचना अधिकारियों की नियुक्ति अनिवार्य है, जिससे नागरिकों को निर्धारित समय सीमा में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।



# प्रशासन मौन, नियमों की उड़ रहीं धज्जियां

**मुआवजे की लालच में रेलवे अधिसूचित क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा निर्माण**

**नवभारत, शहडोल।** ब्यौहारी रेलवे परियोजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में जहां निर्माण कार्यों पर रोक लगाई जा चुकी है, वहीं जनपद पंचायत ब्योहारी अंतर्गत ग्राम पंचायत भमरहा प्रथम के अमराडंडी गांव में नियमों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य कराए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रेलवे अधिग्रहण के दौरान अधिक मुआवजा प्राप्त करने की मंशा से एक भाजपा नेता द्वारा अधिसूचित क्षेत्र में तेजी से निर्माण कराया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस भूमि से प्रस्तावित रेल लाइन गुजरनी है, उस क्षेत्र की अधिसूचना पहले ही जारी हो चुकी है। नियमानुसार अधिसूचना के बाद नए निर्माण कार्यों पर रोक होती है, ताकि सरकारी परियोजनाओं में फर्जी दावों और मुआवजा घोटालों पर अंकुश लगाया जा सके। इसके बावजूद अमराडंडी में कथित तौर पर चोरी-छिपे निर्माण कार्य जारी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे से अधिक मुआवजा वसूलने के उद्देश्य से निर्माण कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि क्षेत्रीय हल्का पटवारी को पूरे मामले की जानकारी होने के बावजूद न तो निर्माण कार्य रुकवाया गया और न ही इसकी सूचना रेलवे प्रशासन को दी गई। इससे स्थानीय प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है।

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो सरकारी खजाने को लाखों रुपये का नुकसान हो सकता है। वहीं नियमों का पालन करने वाले अन्य ग्रामीणों के साथ भी अन्याय होगा। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत जबलपुर रेल मंडल के डीआरएम तथा शहडोल कलेक्टर से करते हुए अधिसूचित क्षेत्र में हो रहे सभी निर्माण कार्यों की जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन और रेलवे अधिकारी इस कथित खेल पर रोक लगाएंगे या फिर मुआवजे की दौड़ में सरकारी नियमों को इसी तरह खुलेआम चुनौती दी जाती रहेगी? क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# संभागीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

**शिक्षा के साथ संस्कारों पर दिया गया जोर**



**नवभारत, शहडोल।** विद्या भारती महाकोशल वनवासी शिक्षा सेवा न्यास, जिला शहडोल द्वारा आयोजित संभागीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ गुरुवार को उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। यह प्रशिक्षण वर्ग 12 जून से 19 जून 226 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संभाग के विभिन्न विद्यालयों के आचार्य एवं शिक्षक सहभागी बन रहे हैं। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथियों एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित आचार्यों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्य ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र, व्यक्तित्व और राष्ट्रभावना के निर्माण का प्रमुख आधार होता है। शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का समावेश समय की आवश्यकता है।कार्यक्रम में प्रशिक्षण वर्ग के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों की कार्यकुशलता, शिक्षण कौशल एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान की जा सके।

प्रशिक्षण वर्ग के दौरान शिक्षण पद्धति, भारतीय संस्कृति, नैतिक शिक्षा, व्यक्तित्व विकास, संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान भी किया गया।आयोजकों ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों एवं मूल्य आधारित शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिले एवं संभाग के अनेक शिक्षक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 7 स्थाई वारंट तामील तीन वारंटी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में अपराध नियंत्रण तथा फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रामनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 7 स्थाई वारंट तामील कर तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। 13 जून की रात्रि थाना रामनगर क्षेत्र में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। पुलिस ने लंबे समय से लंबित प्रकरणों में फरार चल रहे वारंटियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल 7 स्थाई वारंट तामील किए। कार्रवाई के दौरान विजेंद्र मिश्र के विरुद्ध लंबित दो स्थाई वारंटों की तामील की गई। इसी प्रकार राजा उर्फ रज्जक सेन के विरुद्ध विभिन्न प्रकरणों में जारी चार स्थाई वारंट तामील किए गए। तेजप्रकाश महरा के विरुद्ध लंबित एक स्थाई वारंट की तामील की गई।

# आरक्षित टिकटों की कालाबाजारी का आरोप

**यात्री से अभद्रता का मामला गरमाया**

**नवभारत, ब्योहारी।** ब्योहारी रेलवे स्टेशन एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गया है। स्टेशन के आरक्षण काउंटर पर आरक्षित टिकटों की कथित कालाबाजारी और यात्रियों से अभद्र व्यवहार के आरोपों ने रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शिकायतकर्ता इजराइल खान ने टिकट प्रभारी राजीव गुप्ता एवं काउंटर कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत रेलवे हेल्पलाइन 139 और वरिष्ठ अधिकारियों से की है।

शिकायतकर्ता के अनुसार उन्हें अपने रिश्तेदार के इलाज के लिए मुंबई जाना था। इसके लिए वह चार यात्रियों का



आरक्षण कराने ब्योहारी रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर पहुंचे। उनका आरोप है कि काउंटर पर मौजूद कर्मचारी नीरज मीणा ने चारों यात्रियों के आधार कार्ड प्रस्तुत करने की बात कही, जबकि उनके पास तीन यात्रियों के आधार कार्ड उपलब्ध थे। आरोप है कि दस्तावेजों के बावजूद टिकट बनाने से इनकार कर दिया गया और उन्हें कथित रूप से दलाल कहकर अपमानित किया गया।इतना ही नहीं, शिकायतकर्ता का कहना है कि आरक्षण फार्म भी फाड़ दिया गया और साफ शब्दों में कह दिया गया कि उनकी टिकट नहीं बनाई जाएगी। घटना से आहत होकर उन्होंने तत्काल रेलवे हेल्पलाइन 139 पर शिकायत दर्ज कराई तथा मामले की जानकारी मीडिया को दी।

मामले को और गंभीर बनाते हुए शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि स्टेशन पर आरक्षित टिकटों की कालाबाजारी की जा रही है और निर्धारित शुल्क से अधिक राशि मांगने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।जब इस संबंध में टिकट प्रभारी राजीव गुप्ता से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने मीडिया से सीधे बातचीत करने से इनकार करते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के बाद ही कोई जवाब दिया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम ने रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि शिकायतकर्ता के आरोप सही पाए जाते हैं तो यह न केवल यात्रियों के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि रेलवे की पारदर्शी टिकट व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न है। शिकायतकर्ता इजराइल खान ने जबलपुर रेल मंडल के डीआरएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरक्षण काउंटर पर कथित अनियमितताओं की पड़ताल करने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। अब निगाहें रेलवे प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेता है और यात्रियों के हित में क्या कदम उठाता है। ब्योहारी स्टेशन पर उठे इस विवाद ने स्थानीय यात्रियों के बीच भी चर्चा और नाराजगी का माहौल बना दिया है।

# अभिकर्ता सम्मेलन में उत्कृष्ट सेवा और जवाबदेही का लिया संकल्प

**स्टार हेल्थ अभिकर्ता का हुआ सफल आयोजन**



**नवभारत, शहडोल।** स्टार हेल्थ इंश्योरेंस की शहडोल टीम द्वारा होटल सिटी पैलेस में अभिकर्ता सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ प्रबंधक कृष्णकांत गुप्ता ने किया। उन्होंने सभी अभिकर्ताओं का स्वागत करते हुए कंपनी की कार्ययोजना एवं भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की।सम्मेलन में कटनी से आए वरिष्ठ अधिकारी माधवेन्द्र सिंह गौतम तथा जबलपुर जोन के जोनल मैनेजर धर्मेंद्र गौर का अभिकर्ताओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

अपने संबोधन में माधवेन्द्र सिंह गौतम ने स्टार हेल्थ इंश्योरेंस की स्थापना से लेकर वर्ष 226 में कंपनी के 2 वर्ष पूर्ण होने तक की विकास यात्रा का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कंपनी की उपलब्धियों, भविष्य की योजनाओं तथा बीमा क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही अभिकर्ताओं द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर भी दिए।जोनल मैनेजर धर्मेंद्र गौर ने अभिकर्ताओं को ग्राहकों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को सही मार्गदर्शन देने के साथ-साथ क्लेम प्रक्रिया में भी पूर्ण सहयोग प्रदान करना अभिकर्ताओं का दायित्व है, जिससे उन्हें बेहतर और समयबद्ध सेवाएं मिल सकें।सम्मेलन में उपस्थित सभी अभिकर्ताओं ने स्टार हेल्थ इंश्योरेंस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा प्रत्येक ग्राहक को उत्कृष्ट सेवा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजकुमार हिंदूजा, मनीष शुक्ला, रामनिवास शुक्ला, मोहित गुप्ता, सतेन्द्र साहू, अमित गुप्ता, अंकित पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, राजेश रोहरा, अमित श्रीवास्तव, अजय गुप्ता, सचिन गुप्ता, करण मोटवानी, सुनील गुप्ता एवं राजेश गुप्ता सहित जैसिनगर क्षेत्र के अनेक अभिकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ प्रबंधककृष्णकांत गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों एवं अभिकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

# अधिक से अधिक हितग्राही शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ उठाएं : विधायक

**बुढार में आयोजित किया गया जन कल्याण शिविर**



**नवभारत, शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशानुसार शहडोल जिले के ग्राम पंचायतों में जन कल्याण शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविरों में विभागीय अधिकारियों द्वारा लोगो की समस्या एवं आवेदन प्राप्त किये जा रहे तथा यथासंभव निराकरण करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है। शिविर में आए लोगो को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी देकर लोगो को लाभ लेने हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है।

इसी अनुक्रम में जनपद पंचायत बुढार में विधायक जयसिंह मरावी की उपस्थिति में जन कल्याण शिविर आयोजित किया गया। विधायक श्री मरावी ने जन कल्याण शिविर को सम्बोंधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर में जन कल्याण शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। इसका उददेश्य अंतिम छोर तक बैठक पात्र व्यक्तियो को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ दिलाना एवं कोई भी पात्र हितग्राही योजना से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि जन कल्याण शिविर में ज्यादा से ज्यादा व्यक्ति आएं और पात्रतानुसार योजनाओ का लाभ उठाएं। जन कल्याण शिविर में आए व्यक्तियो की समस्या एवं शिकायतें सुनी गई एवं त्वरित निराकरण करने की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष उमा धुर्वे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दीपक मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष हर्षप्रताप सिंह, दौलत मनवानी, जनपद सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित रहें।

# पत्रकार परिषद 17 को मनाएगी महाराणा प्रताप जयंती

**सम्मानित किए जाएंगे समाज के प्रबुद्धजन**

**नवभारत, धनपुरी।** राष्ट्र के स्वाभिमान, अदम्य साहस और शौर्य के प्रतीक राष्ट्रवीर महाराणा प्रताप की जयंती के पावन अवसर पर कोयलांचल क्षेत्र धनपुरी में एक भव्य गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। आगामी 17 जून (बुधवार) को नगर पत्रकार परिषद धनपुरी के तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस विशेष उपलक्ष्य में परिषद द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी ईमानदारी, निष्ठा व समाजसेवा मे अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले कर्मवीरों का 'महाराणा प्रताप गौरव सम्मान' से नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए नगर पत्रकार परिषद धनपुरी के अध्यक्ष श्री शमीम खान ने बताया कि आयोजन की सभी प्रारंभिक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। यह गरिमापूर्ण समारोह आगामी 17 जून, बुधवार को शाम ठीक 8ः बजे से बुढ़ार रोड स्थित नगर पत्रकार परिषद कार्यालय धनपुरी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकारों, प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक जगत से जुड़े गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

### सामाजिक क्षेत्रों मे कार्य करने वाले प्रबुद्ध जनों का होगा सम्मान : शमीम खान

परिषद के अध्यक्ष श्री शमीम खान ने विज्ञप्ति में विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का संपूर्ण जीवन हमें स्वाभिमान, देशप्रेम और विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों के प्रति वफादार रहने की प्रेरणा देता है। इसी मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए नगर पत्रकार परिषद ने यह निर्णय लिया है कि इस बार जयंती के अवसर पर केवल औपचारिकता न निभाकर, समाज के उन जमीनी नायकों को मंच दिया जाएगा जो बिना किसी स्वार्थ के, पूरी ईमानदारी और वफादारी के साथ समाज व नगर के विकास में अपना मूक योगदान दे रहे हैं। ऐसे सम्मानित और निष्ठावान लोगों को चिन्हित कर उन्हें परिषद की ओर से विशिष्ट सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर गौरवान्वित किया जाएगा।

**आयोजन को भव्य बनाने में जुटी पत्रकारों की टीम**

बुधवार शाम को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर स्थानीय पत्रकारों और नगर रक्षा व समाज सेवा से जुड़े लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता के लिए नगर पत्रकार परिषद की पूरी कार्यकारिणी और स्थानीय पत्रकार साथी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। परिषद ने नगर के सभी प्रबुद्ध नागरिकों, प्रबुद्ध जनों और मीडिया जगत के साथियों से अपील की है कि वे बुधवार शाम 8ः बजे बुढ़ार रोड स्थित नगर पत्रकार परिषद कार्यालय धनपुरी पहुँचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं और व विभिन्न क्षेत्रों मे सामाजिक व उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के इन कर्मवीरों के हौसलाअफजाई के साक्षी बनें।

## आज से 15 अगस्त तक अवैधानिक मत्स्याखेट

**नवभारत, शहडोल।** म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3(2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है, इस अवधि में मत्स्याखेट पूर्णतः निषेध किया गया है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने उक्त अवधि में जिले की संपूर्ण सीमा क्षेत्र में तालाबों, जलाशयों, नदियों एवं नालों में अवैधानिक मत्स्याखेट, परिवहन, क्रय-विक्रय आदि कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। उन्होंने कहा है कि बंद ऋतु की अवधि में अवैधानिक मत्स्याखेट, परिवहन, क्रय-विक्रय आदि कार्य करते पाये जाने पर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध अधिनियम प्रावधानों एवं शासन निर्देशों के अंतर्गत म.प्र. मत्स्योद्योग अधिनियम 1981 की धारा 5 की उपधारा (5) के तहत उल्लंघनकर्ता को दोषी पाये जाने पर 01 वर्ष का कारावास या 5000 रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों से (01 वर्ष का कारावास एवं 5000 रुपये तक का जुर्माना) दंडित किया जाएगा।

कार्यक्रम

कार्यकर्ताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

# प्रथम नगर आगमन पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**नवभारत, धनपुरी।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का प्रथम धनपुरी नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला नगर पालिका परिषद धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा के नेतृत्व में प्रथम नगर आगमन पर धनपुरी नगर स्थित इंडोर स्टेडियम में उनके सम्मान में भव्य स्वागत और सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से मजबूत हुआ है। उन्होंने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं से समाज के बीच पहुंचकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का




आह्वान किया। स्वागत समारोह की तैयारियों से लेकर अतिथियों के स्वागत, बैठक व्यवस्था एवं कार्यकर्ताओं के समन्वय तक सभी व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे एक सफल एवं अनुकरणीय कार्यक्रम बताया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता सचिन दहिया जबकि आभार दीपक राय के द्वारा किया गया पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम में सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। पछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के आगमन पर धनपुरी इंडोर स्टेडियम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राव उदय प्रताप सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष शक्ति लक्ष्कार संभाग प्रभारी सुशील राय जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा शहडोल राजेश कन्नौजिया मंडल प्रभारी श्रीमती प्रमिला सिंह नगर पालिका परिषद धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा महामंत्री दीपक राय सचिन दहिया युवामोर्चा से अरविंद रजक मोहन सोनी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार, आगामी राजनीतिक गतिविधियों तथा सामाजिक समरसता को लेकर भी चर्चा की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।